# समाहरणालय, मुज़फ्फरपुर

ई-मेल – dm-muzaffarpur.bih@nic.in वेबसाइट - muzaffarpur.bih.nic.in दूरभाष /फैक्स – 0621-2223010

**पत्रांक -** **(जिला गोपनीय शाखा)** **दिनांक -**

## आदेश

वर्त्तमान में जिले में बढ़ते ठंड एवं शीतलहर के कारण बच्चों के स्वास्थ्य एवं उनके जीवन पर प्रतिकूल प्रभाव की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

अतः **मैं, प्रणव कुमार,** भा.प्र.से., **जिला दण्डाधिकारी, मुजफ्फरपुर** भारतीय दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा–144 में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुजफ्फरपुर जिला के सभी निजी एवं सरकारी विद्यालयों (प्री–स्कूल एव आँगनबाड़ी केन्द्रों सहित) में सभी कक्षाओं के लिए शैक्षणिक गतिविधियों को **पूर्वाह्न 09:30 बजे से पूर्व एवं अपराह्न 03:30 के पश्चात** संचालित किये जाने पर प्रतिबंध लगाता हूँ। मिशन दक्ष तथा बोर्ड परीक्षा हेतु संचालित किये जाने वाली विशेष कक्षाओं का संचालन इससे मुक्त रहेगा।

**उपरोक्त आदेश दिनांक–12.01.2024 से लागू होगा एवं दिनांक 16.01.2024 तक प्रभावी रहेगा।**

जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर, सभी अनुमंडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सरैया, सभी पुलिस उपाधीक्षक, मुजफ्फरपुर, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर एवं सभी थानाध्यक्ष, मुजफ्फरपुर को निदेश दिया जाता है कि इस आदेश का दृढ़तापूर्वक अनुपालन कराना सुनिश्चित करेंगे।

ह०/ -
(प्रणव कुमार)
जिला दंडाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।

ज्ञापांक – 120 /गो. दिनांक 11/01/2024

प्रतिलिपि – जिला शिक्षा पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/सभी अनुमंडल पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, सरैया/सभी पुलिस उपाधीक्षक, मुजफ्फरपुर/सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर एवं सभी थानाध्यक्ष, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि – जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि – नगर आयुक्त, मुजफ्फरपुर, नगर निगम, मुजफ्फरपुर/उप विकास आयुक्त, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि – वरीय पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

11/1/24
(प्रणव कुमार)
जिला दंडाधिकारी,
मुजफ्फरपुर।